दिन– मंगलवार दिनांक– 19 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार लोक सेवा आयोग और अन्य सरकारी विभागों में भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क घटाकर मात्र 100 रुपये करने को मंज़ूरी दे दी है। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दे दी है कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं की मुख्य परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह आर्थिक रूप से कमज़ोर उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आवेदन शुल्क में यह कमी बिहार लोक सेवा आयोग के अलावा, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग और केंद्रीय सिपाही चयन बोर्ड, द्वारा आयोजित परीक्षाओं पर भी लागू होगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनुकंपा के आधार पर नियुक्त चार हजार आठ सौ पैंतीस लिपिक और पांच सौ अठारह परिचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। पटना के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री कुमार ने कुछ चयनित अभ्यर्थियों को स्वयं नियुक्ति पत्र दिये। अन्य अभ्यर्थियों को जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार मौजूद थे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। आज नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान श्री मोदी ने एन डी ए सांसदों से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया। उन्होंने श्री राधाकृष्णन के लम्बे सार्वजनिक जीवन के बारे में बताया। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों और सांसदों से श्री राधाकृष्णन का समर्थन करने का आग्रह किया है।

———————————————————————

इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज उनके नाम की घोषणा की। जानकारी के अनुसार कल वे अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इक्कीस अगस्त तक नामांकन दाखिल किया जायेगा जबकि नौ सितम्बर को चुनाव होगी।

—————————————————————

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा आज नवादा पहुंची। इस दौरान जिले के मझवे बाजार और हिसुआ बाजार में श्री गांधी ने लोगों से बातचीत की। बाद में शहर के भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर में जानबूझकर गड़बड़ी की जा रही है और उनकी पार्टी और गठबंधन इसका विरोध जारी रखेगा। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेता भी भाग ले रहे हैं।

—————————————————————

राज्य में जारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन संसद के दोनों सदनों में आज भी जारी है। हंगामे के मद्देनजर लोकसभा की कार्यवाही पहले बारह बजे तक फिर अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में भी कार्यवाही बाधित हुई है।

—————————————————————

पूर्व केन्द्रीय मंत्री नागमणि पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा और पूर्व मंत्री सुचित्रा सिन्हा आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य नेता मौजूद थे।

—————————————————————

राजगीर में आयोजित होने वाली एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप को लेकर निकाली जा रही ट्रॉफी गौरव यात्रा आज बक्सर पहुंची। जिलाधिकारी डॉक्टर विद्यानंद सिंह ने इसका स्वागत किया।

—————————————————————

अररिया के राजोखर बाजार स्थित ईदगाह मैदान में आज जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी बिहार बदलाव यात्रा के तहत जनसभा को संबोधित करेंगे।

—————————————————————

पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत वाजितपुर गांव के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी दीपक घायल हो गया।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।